# अभ्यास

1. 'मेरा नाम जोकर' कब प्रदर्शित हुई थी?

   (क) दिसम्बर 1972 (ख) दिसंबर 1974

   (ग) दिसंबर 1976 (घ) दिसंबर 1970

2. 'मेरा नाम जोकर' का संगीत किसने दिया था?

   (क) एस डी बर्मन (ख) शंकर–जयकिशन

   (ग) सलिल (घ) ए आर रहमान

3. राजकपूर के फिल्मों की आत्मा किसके लिखे गीत होते थे?

   (क) गुलजार (ख) जावेद अख्तर

   (ग) कवि प्रदीप (घ) शैलेन्द्र

4. 'राजू मत भूलो, तुम एक जोकर हो और जोकर कभी नहीं राता। जाओ, तुम्हारा टाइम आ गया है। शो मस्ट गो ऑन!' यह किसने कहा?

   (क) मैरी ने (ख) सर्कस मालिक महिंदर ने

   (ग) डेविड ने (घ) मीना ने

5. राजकपूर 'मेरा नाम जोकर' से क्या प्राप्त करना चाहते थे?

   (क) व्यावसायिक सफलता (ख) कलात्मक सफलता

   (ग) ये दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

6. इनमें से कौन इस फिल्म से नहीं जुड़े थे?

   (क) धर्मेंद्र (ख) दारा सिंह

   (ग) मुकेश (घ) शैलेन्द्र

7. किस फिल्म की सफलता के बाद राजकपूर को जादूगर कहा जाने लगा था?

(क) मेरा नाम जोकर (ख) संगम

(ग) आवारा (घ) श्री 420

8. राजकपूर के लिए लेखक ने इनमें से कौन सी बात कही है–

(क) राजकपूर ने जोकर की सफलता के बाद फिल्मों से मुँह मोड़ लिया।

(ख) जोकर की असफलता के बाद भी राजकपूर नायक बने रहे।

(ग) राजकपूर ने सिर्फ जीतना सीखा है, हारना नहीं।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

9. निम्नलिखित में से क्या इस पाठ की भाषा–शैली की विशेषता नहीं है–

(क) इसमें मुहावरों का प्रयोग किया गया है।

(ख) संवादों को पढ़ते हुए लगता है कि घटना हमारे सामने घट रही है।

(ग) लेखक ने तत्सम प्रधान भाषा का प्रयोग किया है।

(घ) लेखक ने संवादों के साथ–साथ अपनी टिप्पणी भी दी है।

10. रिक्त स्थानों की पूर्ति करेंः–

(क) समूची जिंदगी एक.......................... ही तो है, जिंदगी जो कभी रूकती नहीं। जब जिंदगी नहीं रूकती तो जोकर का .......................... कैसे रूक सकता है?

11. 'आय विल मेक क्राइस्ट लाफ' – किसने कहा, किससे कहा?

12. 'कोई सपना उनकी जिंदगी का आखिरी सपना नहीं है।' – यह कथन किसके बारे में है?

13. 'यह सिर्फ इंटरवल है जो पंद्रह मिनट का भी हो सकता है और पंद्रह महीनों का भी।' यह कौन कहता है?

14. ' ऐ भाई, जरा देख के चलो' – गीत किसने लिखा?

15. 'लेफ्ट नो स्टोन अनटर्न्ड' का क्या अर्थ होगा?

16. ''राजू के सहारे सीढ़ी–दर–सीढ़ी चढ़ते हुए वह दौलत और शोहरत के सातवें आसमान पर जा पहुँचती है।'' 'सातवें आसमान पर जा पहुँचना' का क्या अर्थ होगा?

17. जोकर क्या संदेश देता है?

18. 'मेरा नाम जोकर' से राजकपूर दुनिया को क्या दिखलाना चाहते थे?

19. ''राजू, मत भूलो, तुम एक जोकर हो और जोकर कभी नहीं रोता। जाओ, तुम्हारा टाइम आ गया है। शो मस्ट गो ऑन।'' फिल्म में यह संवाद कब आता है?

    उस समय राजू की मनोदशा क्या रही होगी, सोचिए और अपने शब्दों में लिखिए।

20. पाठ में आए फिल्म के विभिन्न कलाकारों और फिल्म से जुड़े अन्य व्यक्तियों के नामों की सूची बनाएँ।

21. 'जोकर' की असफलता का राजकपूर पर क्या प्रभाव पड़ा?

22. 'लेकिन क्या एक जोकर को अपना बना पाना कोई आसान काम है? जिसके दिल में सारी दुनिया के आँसू और मुसकुराहटें समा सकें, उसको सिर्फ अपने एक दिल में कौन कैद कर सकता है?' – लेखक ने ऐसा क्यों कहा है? अपने शब्दों में लिखें।

23. नीचे दिए गए उद्धरणों की सप्रसंग व्याख्या करें–

    (क) वो सबके हाथों का खिलौना बना। लेकिन जोकर कभी हार नहीं मानता। उसका दिल कभी नहीं टूटता। उसकी आँखों में कभी आँसू नहीं आते। वह हर पुराना सपना टूटते ही नया सपना बुनना शुरू कर देता है।

    (ख) छोटे–छोटे स्वार्थों में डूबी हुई दुनिया में बड़े दिल से खतरनाक और क्या चीज हो सकती है?

24. एक कलाकार के रूप में राजकपूर का मूल्यांकन किस तरह करेंगे? लिखें।

25. 'लेफ्ट नो स्टोन अनटर्न्ड' का क्या अर्थ है? पाठ में इसका प्रयोग किस प्रसंग में हुआ है?

26. 'मैं कभी उदास नहीं होऊँगा। आय विल मेक क्राइस्ट लाफ।' क्या राजू अपनी जिंदगी में यह ात निभा सका? यदि हाँ तो कैसे? यदि नहीं तो क्यों?

27. 'शो मस्ट गो ऑन' –यह कथन क्या संदेश देता है?

28. मैरी, मैरीना और मीना का परिचय पाठ के आधार पर दें।

29. 'प्राण फूँकना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करें।

30. पाठ में आए विदेशज शब्दों को संकलित करें।

31. इनमें से तत्सम, तद्भव और विदेशज शब्द छाँटें–

उद्दाम, टीचर, विशाल, खून, सिलेंडर, सर्कस, अंधकार, ऑपरेशन, दिल, मुहब्बत, आँसू, मुसकुराहट, आँख, जिंदगी, संगीत, दुख, मालिक, हस्ती, मसखरा, दीवार, प्यार, जीवन, संपादन, जज्बात, सीढ़ी, दौलत, बाधा, उम्र, शोहरत, स्वयं, स्वर, दर्द, मुकाम, संजीदा, संगम, लक्ष्य, वाकई, तमाशा, हँसी, जोकर, फिल्म, व्यंग्य, विवरण।